की जाये ताकि यह परियोजना पूरी हो जाये। योजना आयोग की सलाह प्राप्त होने के बाद धन की व्यवस्था एक-एक वर्ष के लिये की जायेगी।

5—राज्य सरकार ने मौजूदा लघु पत्तन को नए बड़े पत्तन के प्रशासन से विलयन करने की अनुमति दे दी है। इस बड़े पत्तन के लिये बड़े पत्तन ट्रस्ट अधिनियम के अन्तर्गत एक बड़ा पत्तन ट्रस्ट गठित किया जायेगा। इससे इस बात का सुनिश्चय हो जायेगा कि मौजूदा लघु पत्तन और प्रस्तावित पत्तन की सुविधाओं का पूरी तरह समन्वय हो सके और उनसे अधिकतम लाभ उठाया जा सके।

6—मुझे विश्वास है कि राज्य सरकार के सहयोग से पत्तन पार्श्व क्षेत्र में औद्योगिक विकास के युग में प्रवेश करेगा, क्षेत्र के लोगों की दीर्घकालीन इच्छाओं की पूर्ति करेगा और पूर्ण होने पर देश के बड़े पत्तनों में अपना उचित स्थान लेगा।

पश्चिमी भारत में हुए भूकम्प के बारे में वक्तव्य

STATEMENT RE : EARTHQUAKE IN WESTERN INDIA

अध्यक्ष महोदय : कल महाराष्ट्र में भारी भूकम्प आया जिसमें बहुत से व्यक्ति मर गए क्या मैं प्रधान मंत्री अथवा गृह-कार्य मंत्री से प्रार्थना करूँ कि वह कोई इस सम्बन्ध में वक्तव्य दें।

प्रधान मंत्री, अणु शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी):

महोदय, पश्चिमी भारत में भूकम्प के कारण जो मुसीबत आई है उसका मुझे बहुत दुःख है। इसके कारण वहाँ बहुत लोगों की मृत्यु हुई है। हमारे पास अभी पूरे आँकड़े नहीं आये हैं। परन्तु क्षति बहुत हुई हैं। जब हमें सूचना प्राप्त हुई तो डा० कु० ल० राव वहाँ शीघ्र चले गए।

इस सम्बन्ध में अभी मुझे सूचना मिली है कि बम्बई में अभी भूकम्प के झटके आये है। मुझे इस दुःखद घटना का बड़ा दुःख है और मैं प्रार्थना करती हूँ कि यह भावना मृतकों के परिवार को पहूँचा दें।

अध्यक्ष महोदय : मैं प्रधान मंत्री तथा गृह-कार्य मंत्री से प्रार्थना करता हूँ कि इस सम्बन्ध में जब भी कोई ताजा समाचार प्राप्त होवे वह सदन को दे दें।

Shri George Fernandes (Bombay-South) : Sir, is it a fact that minor tremors were being felt there for the last one month and if so whether Government have made any enquiries about it? Did Government ask people there not to live in their houses but remain outside their houses? May I suggest that Congress party which is going to hold its session in Sangli, Maharashtra may now hold it somewhere else.

Shri Randhir Singh (Rohtak) : There are tremors being felt in Sonepat for the last three months and many people are going to die there as a result thereof.

Shrimati Indira Gandhi : In Maharashtra such tremors were felt and the Government there appointed an expert committee to investigate it. The investigation is not yet complete

श्री नाथपाई (राजापुर): यह घटना इतनी दुःखद है कि किसी दल पर आरोप नहीं लगाया जा सकता। सरकार के एक मंत्री ने जो महाराष्ट्र का दौरा करके आया था उसने एक पत्र लिखा था कि एक पहाड़ में वहाँ सीधी द्राड़ है। उसने कहा था कि वहाँ जाकर डा० कु० ल० राव दौरा करें। यदि ऐसा होता तो कम से कम कुछ लोगों की जानें तो बच जातीं। क्या कोई दल भेजा गया।

गृह कार्य मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण): मैंने वह पत्र स्वयं नहीं देखा है, इस कारण वह सूचना मैं दे नहीं सकता। महाराष्ट्र सरकार ने वहाँ गठित एक विशेषज्ञ समिति के बारे में मुझे बताया। डा० कु० ल० राव वहाँ गए हैं तथा अपना प्रतिवेदन देंगे।

कल मैं स्वयं वहाँ गया था। वहाँ बहुत तबाही हुई है। डाक्टरी सहायता जो भी संभव है, वह दी जा रही है। स्वयंसेवी संस्था भी कार्य कर रही हैं। वहाँ सड़कें तथा संचार व्यवस्था तथा परिवहन व्यवस्था का प्रबन्ध हो रहा है। वहाँ राज्य के सब अधिकारी उपस्थित थे। फिर बसाव का कार्य वहाँ हो रहा है। साथ ही उन्होंने तकनीकी तथा पुनर्वास के कार्य को बाँट दिया है। यह केवल कोयना नगर में ही तबाही नहीं आई है अपितु अन्य नगरों से भी इसी प्रकार के समाचार आ रहे थे। जो भी नई सूचना मुझे प्राप्त होगी वह सदन को दे दी जायेगी।

भारतीय टंकण सशोधन विधेयक

INDIAN COINAGE (AMENDMENT) BILL

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पंत): श्री मोरारजी देसाई की ओर से मैं भारतीय टंकण अधिनियम 1906 में अग्रेतर संशोधन करने हेतु विधेयक सभा की अनुमति के लिये प्रस्तुत करता हूँ।

अध्यक्ष महोदय: प्रश्न यह है कि भारतीय टंकण अधिनियम 1906 में अग्रेतर संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापन की अनुमति दी जाये"।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The Motion was adopted

श्री कृष्ण चन्द्र पंत: मैं विधेयक पुरःस्थापन करता हूँ।

राजभाषा (संशोधन) विधेयक तथा राज भाषा सम्बन्धी संकल्प (जारी)

OFFICIAL LANGUAGES (AMENDMENT) BILL

AND

RESOLUTION RE : OFFICIAL LANGUAGES (CONTD.).

अध्यक्ष महोदय: इस विधेयक पर सामान्य चर्चा के लिये 15 घंटे थे जिसमें से 10 घंटे लग चुके हैं। अब पाँच घंटे बाकी हैं।

श्री पील् मोडी बोल रहे थे। वह भाषण जारी रखेंगे।